**फा.सं. पी-12011/7/2024-एसयूएस**
**भारत सरकार**
**आयुष मंत्रालय**
*****

आयुष भवन,
बी-ब्लॉक, जीपीओ कॉम्प्लेक्स,
आईएनए, नई दिल्ली-110023
दिनांक: **7th** अक्टूबर,2024

# रिक्ति परिपत्र

**विषय**: **राष्ट्रीय सिद्ध संस्थान**, **चेन्नई में निदेशक का पद भरे जाने के संबंध में।**

अधोहस्ताक्षरी को यह कहने का निदेश हुआ है कि राष्ट्रीय सिद्ध संस्थान (एनआईएस), चेन्नई, आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के तहत एक स्वायत्त निकाय है, में निदेशक का पद भरे जाने का प्रस्ताव है। इस पद को अधिकतम 5 वर्ष की अवधि के लिए अल्पकालिक संविदा आधार सहित प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरे जाने का प्रस्ताव है। पद के लिए पात्रता शर्तों आदि का विवरण **संलग्नक**-I में दिया गया है।

2. निर्धारित प्रारूप में सभी प्रकार से पूर्ण आवेदन, उचित माध्यम से **श्री जैनुल आबदीन, अवर सचिव, आयुष मंत्रालय, भारत सरकार, आयुष भवन, बी-ब्लॉक, जीपीओ कॉम्प्लेक्स, आईएनए, नई दिल्ली-110023** को इंप्लॉयमेंट न्यूज/रोजगार समाचार में निदेशक, एनआईएस के उक्त पद के लिए विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से **30 दिनों** के भीतर पहुंच जाना चाहिए। आवेदन का प्रारूप **संलग्नक-II** में दिया गया है। ब्यौरे इस मंत्रालय की वेबसाइट (https://www.ayush.gov.in/) और एनआईएस की वेबसाइट (https://nischennai.org) पर भी उपलब्ध हैं।

**3.** हिंदी संस्करण बाद में आएगा।

**संलग्नक**: **यथोपरि**

(**जैनुल आबदीन**)
अवर सचिव, भारत सरकार

सेवा में:
सभी मंत्रालयों/विभागों/राज्य सरकारों के मुख्य सचिवों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों के प्रशासकों को रिक्ति के व्यापक प्रसार हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि:
1. निदेशक, एनआईएस, **चेन्नई को इस अनुरोध के साथ कि इसे संस्थान की वेबसाइट पर अपलोड करें।**
2. आयुष मंत्रालय के सभी क्षेत्रीय संगठन।
3. सीएस-I (समन्वय) अनुभाग, डीओपीटी को इस अनुरोध के साथ कि इसे अपनी वेबसाइट पर अपलोड करें।
4. वरिष्ठ तकनीकी निदेशक, एनआईसी, आयुष मंत्रालय को **मंत्रालय की वेबसाइट पर पोस्ट करने के लिए।**

**संलग्नक**-I

**भारत सरकार**
**आयुष मंत्रालय**

## राष्ट्रीय सिद्ध संस्थान, चेन्नई में निदेशक के पद को भरना

राष्ट्रीय सिद्ध संस्थान (एनआईएस), चेन्नई जो आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के तहत एक स्वायत्त संगठन के रूप में 2005 से कार्यरत है, में निदेशक के पद को भरने के लिए पात्र उम्मीदवारों से, उचित माध्यम से दो प्रतियो में, आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं।

2. 2005 में स्थापित राष्ट्रीय सिद्ध संस्थान को सिद्ध चिकित्सा पद्धति में स्नातक-पूर्व और स्नातकोत्तर, शिक्षण के एक मोड के रूप में विकसित किया गया है, जिसमें एक संबद्ध अस्पताल है और इसमें एक ओपीडी विंग तथा 200 बिस्तरों का एक आईपीडी है।

3. पात्रता मानदंड और अन्य विवरण नीचे दिए गए हैं। ब्यौरे इस मंत्रालय की वेबसाइट (https://www.ayush.gov.in/) और एनआईएस की वेबसाइट (https://nischennai.org) पर भी उपलब्ध हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | पद का नाम | **निदेशक** |
| 2 | पदों की संख्या | **एक (01)** |
| 3 | वर्गीकरण | समूह – 'क' |
| 4 | नियुक्ति का तरीका | अल्पकालिक संविदा सहित प्रतिनियुक्ति द्वारा 5 वर्ष के नियत कार्यकाल के लिए या **पदधारी द्वारा अधिवर्षिता की आयु प्राप्त करने तक, जो भी पहले हो।** |
| 5 | पे-बैंड और ग्रेड-पे/वेतनमान | 7वें सीपीसी के पे-मैट्रिक्स 1,44,200/- से 2,18,200/- रुपए के स्तर-14 + एनपीए, जैसा कि भारत सरकार के नियमों के अनुसार अनुमेय है। |
| 6 | अधिकतम आयु सीमा | **आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि को 58 वर्ष** से अधिक न हो। |
| 7 | पात्रता मानदंड | केंद्र/राज्य सरकार/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/अर्ध-सरकारी/ सांविधिक या स्वायत्त संगठनों, जो सरकार द्वारा वित्त पोषित हों, के अधिकारी, जिन्हें व्यवसाय में 18 वर्ष का अनुभव हो, जिसमें से कम से कम 16 वर्ष का शिक्षण और अनुसंधान/प्रशासन का संयुक्त अनुभव हो और इसमें पीजी शिक्षण और अनुसंधान का कम से कम 10 वर्ष का अनुभव हो:<br>वेतन स्तर-14 में नियमित आधार पर समनुरूप पद धारण करते हों।<br>अथवा<br>123100-215900 रुपये के वेतन स्तर-13 में न्यूनतम तीन वर्ष की नियमित सेवा की हो।<br>अथवा<br>78800-209200 रुपये के वेतन-स्तर-12 में आठ साल की नियमित सेवा की हो।<br>**और**<br>निम्नलिखित आवश्यक शैक्षिक योग्यताएं और अनुभव रखते हों:<br>**आवश्यक योग्यताएं:**<br>भारतीय चिकित्सा केंद्रीय परिषद अधिनियम, 1970 की दूसरी अनुसूची में शामिल सिद्ध चिकित्सा पद्धति [एमडी (एस)] में पीजी डिग्री और भारतीय चिकित्सा के केंद्रीय/राज्य रजिस्टर में नामांकन। |

| | | |
|---|---|---|
| | | **वांछनीय:**<br>1. सिद्ध चिकित्सा पद्धति में पीएचडी योग्यता।<br>2. शिक्षण/अनुसंधान और प्रशासन का व्यापक अनुभव। |
| 8 | नियुक्ति की अवधि | निदेशक, एनआईएस का कार्यकाल 5 वर्ष के लिए या अधिवर्षिता/सेवानिवृत्ति की आयु प्राप्त करने तक या सरकार द्वारा यथा निर्णय के अनुसार, **जो भी पहले हो,** होगा। |
| 9 | कर्तव्य और उत्तरदायित्व | संगठन (एनआईएस) के **"प्रभारी"** के रूप में कार्य करना, उचित प्रबंधन के लिए इसका समग्र प्रशासन संभालना और इसके सभी मामलों का संचालन करना। |
| 9 | कार्य करने का स्थान | चेन्नई |
| 10 | आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि | निर्धारित प्रारूप में सभी प्रकार से पूर्ण आवेदन, उचित माध्यम से **श्री जैनुल आबदीन, अवर सचिव, आयुष मंत्रालय, भारत सरकार, आयुष भवन, बी-ब्लॉक, जीपीओ कॉम्प्लेक्स, आईएनए, नई दिल्ली-110023** को इंम्लॉयमेंट न्यूज/रोजगार समाचार में निदेशक, एनआईएस के इस पद के लिए इस विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से **30 दिनों** के भीतर पहुंचना चाहिए। |
| 11 | सामान्य निर्देश | जो आवेदन उचित माध्यम से प्राप्त नहीं होते हैं और जो आवेदन प्राप्ति की "अंतिम तिथि" के बाद प्राप्त होते हैं, उन पर विचार नहीं किया जाएगा और इन्हें सरसरी तौर पर निरस्त कर दिया जाएगा। |

***

**संलग्नक-II**

## राष्ट्रीय सिद्ध संस्थान (एनआईएस), चेन्नई में निदेशक के पद के लिए आवेदन

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | नाम साफ अक्षरों में | | अपना स्व-सत्यापित हाल का पासपोर्ट आकार का फोटो यहां चिपकाएं |
| 2 | पता/दूरभाष संख्या/मोबाइल नंबर/ई-मेल आईडी | | |
| 3 | जन्म तिथि (ईसवी सन् में) | | |
| 4 | आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि के अनुसार आयु | | |
| 5 | मूल संगठन में अधिवर्षिता की आयु | | |

6 शैक्षिक और अन्य योग्यताएं

| क्र.सं. | योग्यता | बोर्ड/संस्था | उत्तीर्ण होने का वर्ष | प्रतिशत/स्तर/श्रेणी |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |

7 प्रकाशित शोध कार्य

| क्र.सं. | विषय | प्रकाशन का नाम |
|---|---|---|
| | | |
| | | |

8. कालानुक्रमिक क्रम में रोजगार का विवरण

| कार्यालय का नाम | धारित पद | रोजगार की प्रकृति अर्थात तदर्थ या अस्थायी या अर्ध-स्थायी या स्थायी या प्रतिनियुक्ति | कब से | कब तक | वेतनमान | निष्पादित कार्यों की प्रकृति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |
| | | | | | | |

| | | |
|---|---|---|
| 9 | कृपया स्पष्ट रूप से बताएं कि क्या आपके द्वारा ऊपर की गई प्रविष्टियों के आलोक में, आप पद की आवश्यकताओं को पूरा करते हैं। | |
| 10 | अतिरिक्त जानकारी, यदि कोई हो, जिसे आप पद के लिए अपनी उपयुक्तता के समर्थन में उल्लेख करना चाहते हैं। | |

11 संलग्न दस्तावेजों की सूची (सभी दस्तावेज विधिवत स्व-प्रमाणित होने चाहिए। आवेदन के पृष्ठों पर क्रमानुसार संख्या लिखी जानी चाहिए)

| क्र.सं. | दस्तावेजों के नाम | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| | | |
| | | |

मैं एतद्द्वारा घोषणा करता/करती हूं कि इस आवेदन में दिए गए सभी कथन मेरे सर्वोत्तम ज्ञान और विश्वास के अनुसार सत्य, पूर्ण और सही हैं। मैं समझता हूं/समझती हूं कि चयन से पहले या बाद में किसी भी जानकारी को छिपाने या उसके असत्य या गलत पाए जाने या अयोग्यता का पता चलने पर, मेरी उम्मीदवारी/ नियुक्ति रद्द कर दी जाएगी।

उम्मीदवार के हस्ताक्षर _______________

उम्मीदवार का नाम_____________________

स्थान : _____________

तिथि :______________

**आवेदक के कार्यालय प्रमुख द्वारा दिए जाने वाले प्रमाण पत्र /दस्तावेज**

1. प्रमाणित किया जाता है कि अधिकारी द्वारा प्रस्तुत विवरण सही हैं।
2. प्रमाणित किया जाता है कि आवेदक के विरुद्ध कोई अनुशासनात्मक/सतर्कता संबंधी मामला लंबित या विचाराधीन नहीं है और वे सतर्कता के दृष्टिकोण से दोषरहित हैं।
3. प्रमाणित किया जाता है कि पिछले **10** वर्षों के दौरान उन पर कोई बड़ी/छोटी शास्ति नहीं लगाई गई है।
4. अधिकारी के सेवा रिकॉर्ड की सावधानीपूर्वक जांच की गई है और प्रमाणित किया जाता है कि उनकी सत्यनिष्ठा के बारे में कोई संदेह नहीं है।
5. आवेदक का निदेशक, राष्ट्रीय सिद्ध संस्थान (एनआईएस), चेन्नई के पद पर चयन हो जाने पर इस कार्यालय को कोई आपत्ति नहीं है और उन्हें तुरंत कार्यमुक्त कर दिया जाएगा।
6. पिछले **5** वर्षों के एपीएआर/एसीआर की फोटोप्रतियां, जिनका प्रत्येक पृष्ठ विधिवत सत्यापित है, संलग्न हैं।

हस्ताक्षर:____________________________

नाम:______________________________

पदनाम:_________________________

संगठन का नाम:_________________

स्थान: ______________________

तिथि: ______________________

कार्यालय की मुहर